




# छत्तीसगढ़

www.dailychhattisgarh.com

डाक पंजीयन क्र. छग/रायपुर संभाग/40/2009-2011



Tin : 22203104066 ॥ श्री गणेशाय नमः ॥ फोन : 2212380

अमीत फैब्रिक्स — कपड़ों के थोक व रिटेल विक्रेता

सराफा बाजार, गांधी चौक, दुर्ग

वैवाहिक साड़ियां, सूट पीस, मेंस, किड्स एवं लेडिस गारमेंन्टस्

गर्ल्स, लेडिज वीयर, शर्टिंग-शूटिंग
बड़े बच्चों एवं रेडीमेड की सम्पूर्ण रेंज



रायपुर, 22 अक्टूबर 2009, गुरुवार | वर्ष-2 अंक-230 पृष्ठ-12 दाम- 2 रुपए | कार्तिक सुदी ४ सं. २०६६













## महाराष्ट्र, हरियाणा, अरूणाचल

# तीनों राज्यों पर पंजे की पकड़ बरकरार

मुंबई, चंडीगढ़, ईटानगर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र, हरियाणा और अरुणाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के बाद गुरुवार को वोटों की गिनती सुबह जारी है। रुझानों के मुताबिक तीनों राज्यों में पंजे की पकड़ जारी है। हालांकि उसे पिछली बार से कुछ कम सीटें मिलने की उम्मीद है। अरुणाचल प्रदेश में वह क्लीन स्वीप की ओर बढ़ रही है।

**महाराष्ट्र** में भाजपा और शिव सेना गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। ऐसे में कांग्रेस-राकांपा गठबंधन लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बेहद करीब पहुंच चुका है। कांग्रेस-राकांपा गठबंधन 46 सीटों पर जीत चुका है और 95 सीटों पर उसने बढ़त बनाई हुई है जबकि भाजपा-शिव सेना गठबंधन 22 सीटें जीत चुका है और उसने 78 सीटों पर बढ़त बना रखी है।

**हरियाणा** में कांग्रेस इतिहास रचने के करीब पहुंच गई है। विधानसभा की 90 सीटों पर कांग्रेस ने 22 सीटें जीत ली है जबकि 19 सीटों पर वह बढ़त बनाए हुए है।

**अरूणाचल प्रदेश** में विधानसभा की 60 में से 57 सीटों पर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने बढ़त बना रखी है और वह फिर से सरकार बनाने के बेहद करीब पहुंच गई है। अब तक कांग्रेस वहां 21 सीटें जीत चुकी है और 10 सीटों पर वह आगे चल रही है।

# महाराष्ट्र : कांग्रेस ने कहा, सरकार बनाएंगे

### जीत का श्रेय कांग्रेसी नीतियों को-पवार

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (आईएएनएस)। केंद्रीय कृषि मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों ने महाराष्ट्र में कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के अच्छे प्रदर्शन में मदद की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद का फैसला कांग्रेस द्वारा लिया जाएगा और वह इस मामले में अपनी पार्टी की ओर से किसी तरह की समस्या नहीं खड़ी करना चाहते।

( बाकी पेज 8 पर )

मुंबई, 22 अक्टूबर (आईएएनएस)। महाराष्ट्र में सत्ताधारी कांग्रेस ने गुरुवार को विधानसभा के शुरुआती नतीजों व रुझानों के आने के बाद कहा कि वह राज्य में सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त है, जबकि भाजपा ने अपनी हार स्वीकार कर ली है।

राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा के सभी सीटों पर जारी मतगणना के शुरुआती रुझानों में कांग्रेस और उसकी सहयोगी राष्ट्रवादी

( बाकी पेज 8 पर )

**सम्पादकीय पेज 6 पर**

तीन राज्यों के नतीजे और यूपीए-एनडीए

### भाजपा ने हार स्वीकारी

मुंबई, 22 अक्टूबर (आईएएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को महाराष्ट्र में यह कर अपनी हार कबूल कर ली कि भाजपा-शिवसेना गठबंधन को इस बारे में मंथन करने की जरूरत है कि वह 13 अक्टूबर के विधानसभा चुनावों में क्यों नाकाम रहे।


भाजपा की प्रदेश इकाई के सचिव विनोद तावड़े ने कहा कि शिव सेना और भाजपा काफी आत्ममंथन करेंगे। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख नितिन गडकरी ने कहा कि पार्टी को हार

( बाकी पेज 8 पर )









## ट्रक-कार भिड़ंत, 3 मौतें

बिलासपुर, 22 अक्टूबर। कोरबा रोड पर रैनपुर बेरियर के पास गुरुवार की सुबह ट्रक व कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार घटना करीब सुबह 11 बजे की है। कोयला लेकर बिलासपुर से कोरबा की ओर जा रहा ट्रक और बिलासपुर आ रही कार आमने-सामने जा भिड़ी। कार में बलौदा बाजार निवासी शंकर दास महंत व दो अन्य लोग सवार थे। वे रिश्तेदार के घर दशगात्र में शामिल होने बिलासपुर आ रहे थे।

हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार का अगला हिस्सा अंदर तक धस गया। हादसे में कार में सवार तीनों को गंभीर चोटें पहुंची। इससे पहले कि उन्हें अस्पताल पहुंचाया जाता, उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक फरार हो गया। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई है।

## बदलते वक्त के साथ संघ की कदमताल, गाँधीवाद पर आधारित ग्राम स्वराज

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (टाईम्स ऑफ इंडिया)। बदलते वक्त के साथ बदलनेके लिए, और अपनी शाखाओं की घटती संख्या को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने युवाओं के लिए देर शाम की शाखाएँ खोलने का फैसला किया है पहले से ही शाम की शाखाएँ लगा रहे संघ ने अब इनडोर शाखाएँ शुरू करने का फैसला भी किया है, जिनमें से कुछ रात 8 बजे से शुरू होंगी ताकि कामकाजी लोग उनमें आ सकें। यह फैसला राजगीर में पिछले हफ्ते हुई तीन दिवसीय बैठक में लिया गया।

आरएसएस को उम्मीद है कि आज के युवाओं की जरूरतों, और रूचि के हिसाब से खोली जा रही यह शाखाएँ लोगों को आकर्षित करेंगी। परम्परागत शाखाओं की घटती जा रही संख्या से संघ चिंतित है। आरएसएस नेता राम माधव का कहना है कि अलग अलग समूह के लोगों के लिए अलग-अलग शाखाएँ हो सकती हैं, जैसे आईटी क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए अलग शाखा। उन्होंने बताया कि रात 8 बजे के बाद, छोटे समूह में शाखाएँ आयोजित करने का उद्देश्य काम काजी लोगों को आकर्षित करना है।

राजगीर में विचार-विमर्श के बाद आरएसएस ने ग्रामीण और शहरी युवाओं पर ध्यान केन्द्रित करने का फैसला किया है इसके साथ ग्रामीण अर्थ व्यवस्था के विकास के जरिये ग्रामीण जीवन पर ध्यान देने जैसी दो बातों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा।

देश की आबादी के बड़े हिस्से के 40 वर्ष के नीचे की उम्र की है और

( बाकी पेज 8 पर )

## चिदंबरम रह चुके हैं वेदांता के डायरेक्टर और वकील, सालाना 35 लाख वेतन

**विशेष रिपोर्ट**

### वेदांता को कितना जानते हैं आप ?

**अभिषेक श्रीवास्तव, नई दिल्ली से**

पिछले महीने कोरबा में गिरी जानलेवा चिमनी वाले कांड को, जिसे अब तक समूचे मीडिया में बाल्को कांड का नाम दिया जा रहा है, आखिर किसने अंजाम दिया है? ज़ाहिर है, कंपनी तो बाल्को ही है, लेकिन इसे कोरबा कांड कहने के पीछे एक सैद्धांतिक वजह है।

आधिकारिक रूप से 41 मजदूरों की जान ले चुकी इस दुर्घटना को समूचे मीडिया में बाल्को कांड के नाम से पुकारा गया। बाल्को कभी भारत सरकार का उपक्रम था, अब नहीं है। इसके मालिक हैं अनिल अग्रवाल, जो अरबों डॉलर की लंदन में सूचीबद्ध कंपनी वेदांता-स्टरलाइट के मालिक हैं। तो दुर्घटना को बाल्को के नाम से जोड़ना एक मनोवैज्ञानिक छवि पैदा करता है कि यह दुर्घटना एक सरकारी कंपनी में हुई है।

पहले साफ कर लें कि ऐसा नहीं है। बाल्को के 51 फीसदी शेयर अनिल अग्रवाल की स्टरलाइट ने 2001 में ही 551 करोड़ रुपये चुका कर खरीद लिए थे, जब कंपनी के पास कुल नकदी 447 करोड़ रुपये ही बची थी। तो सबसे पहली बात, इस दुर्घटना की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी बालको के प्रबंधन यानी वेदांता-स्टरलाइट कंपनी पर बनती है।

कमल मुरारका की जीडीसीएल

ज़रा और पीछे जाएं। इस निर्माण स्थल पर दिए गए ठेकों के बारे में पता करें, तो पता चलता है कि यहां का काम एक चीनी कंपनी सेपको और एक भारतीय कंपनी गैनन डंकरले को दिया गया था। दुर्घटना होते ही इन कंपनियों के अधिकारी वहां से खिसक लिए थे। प्रशासन ने चीनी कंपनी के 76 अधिकारियों के वापस चीन जाने का पूरा प्रबंध तक कर डाला था, लेकिन केंद्र सरकार के एक आदेश के चलते उन्हें रुकना पड़ा।

ज़रा गैनन डंकरले के बारे में भी जान लें। यह 300 करोड़ रुपये की कंपनी उन्हीं उद्योगपति कमल मुरारका की है, जो कभी सांसद थे और हिंदी का लोकप्रिय अखबार चौथी दुनिया चलाते थे।

( बाकी पेज 8 पर )


माडर्न मेडिकल इंस्टीट्यूट (एम.एम.आई.)

धमतरी रोड, लालपुर रायपुर

फोन नं. 2419001, 2, 3, 4212762 फैक्स नं. 2412300






डॉ. सत्यजीत बोस

कोलकाता के ख्यातिप्राप्त कार्डियेक सर्जन

डॉ. सत्यजीत बोस MS. M.Ch (Cardio Thoracic Surgery)

एवं चेन्नई अपोलो के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट

डॉ. के. सुब्रमनियन MD. DM (Cardiology)



डॉ. के. सुब्रमनियन

24 एवं 25 अक्टूबर को सुबह 11 से दोप. 1 बजे तक

परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे. (अग्रिम पंजीयन अनिवार्य)

हृदय की बायपास सर्जरी, वाल्व सर्जरी एवं हृदय की अन्य सर्जरी के लिए अग्रिम पंजीयन भी किया जाएगा.

संपर्क करें- डॉ. अजय कुमार आनंद (मेडिकल एडमिनिस्ट्रेटर) मो.- 9907423679



MANN AND HUMMEL FILTER PRIVATE LTD.

(A 100% subsidlary of MANN+HUMMEL GMSH, Germony)

MANN FILTER

डीजल फिल्टर
ऑयल फिल्टर
एयर फिल्टर
ऑटोमोटिव फिल्टर
इंडस्ट्रीयल फिल्टर



मेन डिस्ट्रीब्यूटर्स

वी.एम. इन्टरप्राइजेस

एफ.एफ.-31, मिलेनियम प्लाजा, बांसटाल, जी.ई.रोड रायपुर (छ.ग.)

मो. 98261-36099, 99262-00090 फोन : 0771-4280808, 2543101

प्रोडक्ट संबंधी व्यापारिक पूछताछ सादर आमंत्रित है...


## पंचायत के फरमान पर दुष्कर्म पीड़िता का आरोपी से निकाह

इलाहाबाद, 22 अक्टूबर (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश में एक पंचायत ने दुष्कर्म के मामले में अपना फरमान सुनाते हुए पीड़िता और आरोपी का निकाह पढ़वा दिया। पंचायत ने आरोपी को पीड़िता के साथ ठीक तरीके से पेश आने की हिदायत भी दी।

यह घटना इलाहाबाद जिले के झूसी इलाके के पकरीना गांव की है। यहीं के निवासी इश्तियाक अहमद (21) ने बीते मंगलवार को गांव की ही एक युवती से कथित तौर पर बलात्कार किया। यह मामला पंचायत के सामने लाया गया, जिसके बाद बुधवार शाम को पंचायत ने सजा के तौर पर आरोपी को पीड़िता से निकाह करने का फैसला सुनाया। भरी पंचायत में सबके सामने दोनों का निकाह हुआ।

इस गांव के निवासी कलीम ने बताया कि पहले तो आरोपी निकाह करने के लिए मुकर रहा था, लेकिन पंचायत ने कहा कि अगर उसने पीड़िता से निकाह नहीं किया तो उसे परिवार सहित गांव से बाहर निकाल दिया जाएगा और साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना भुगतना होगा। यह सुनकर वह निकाह के लिए राजी हो गया।

ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत ने पीड़िता से कहा कि अगर उसका पति उससे सही ढंग से पेश न आए तो वह पंचायत के समक्ष आकर पति की शिकायत कर सकती है। इसके बाद पंचायत जरूरी कार्रवाई करेगी। उधर, थाना-प्रभारी ने कहा, पीड़िता अगर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराएंगे तो कार्रवाई की जाएगी।